(ङ)(i) हिमाचल प्रदेश मे छोटी लाइन को बड़ी लाइन में बदलने का कोई कार्य शुरू नहं किया जा रहा है।

(ii) नांगलडैम--उना लाइन को जनवरी, 1991 में यात्री यातायात के लिये खोल दिया गया था। उना से आगे का कार्य छोड़ दिया गया है क्योंकि राज्य सरकार अपने वायदे से मुकर गयी है।

**तीन टायर वाले वातानुकूलित डिब्बों के प्रयोग का प्रारंभ करना**

5784. **श्री राघवजी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेल मंत्रालय और अधिक संख्या में तीन-टायर वातानुकूलित डिब्बों का प्रयोग आरम्भ करने वाला है, यदि हां, तो उनका प्रयोग कब तक आरम्भ किया जायेगा और वे किन-किन मार्गों पर किया जायेगा ; और

(ख) इन में कितना किराया लगेगा ?

**रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ)** : (क) राजधानी एक्सप्रेस गाड़ियों में चल रहे वातानुकूल कुर्सीयानों को वातानुकूल 3 टियर शयनयान सवारी डिब्बों द्वारा बदलने का विनिश्चय किया गया है और तदनुसार 1994-95 के उत्पादन कार्यक्रम में 65 वातानुकूल 3 टियर शयनयान सवारी डिब्बों को शामिल किया गया है। कुछ और स्व-जनित्र वातानुकूल 3 टियर शयनयानों को उत्पाद मिश्र में शामिल किया गया है और इन्हें लंबी दूरी की मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों में लगाने का प्रस्ताव है।

(ख) वातानुकूल 3 टियर शायिकाओं का किराया, वातानुकूल कुर्सीयान के किरायों की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक निर्धारित किया जाता है।

**देश में सभी मीटर रेल लाइनों को बड़ी-लाइनों में बदला जाना**

5785. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे ने देश में सभी छोटी रेल लाइनों को बदलने का निर्णय लिया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध मे क्या कार्रवाई की जा रही है और इस कार्य को कब तक पूरा किये जाने की संभावना है ?

**रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ)** :

(क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

**Operation of tourist circuits**

5786. ŞHRIMATI KAMLA SINHA:
SHRI RANJAN PRASAD YADAV:

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the operation of eight tourist circuits on the broad gauge and metre gauge lines are to be opened to multinational tourist and hotel chains; and

(b) if so, what are the causes therefor and the details thereof ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. K. JAFFER SHARIEF): (a) and (b) It has been decided to introduce tourist train services on eight tourist circuits as detailed in the statement attached. (*See* below) The tourist trains in Rajasthan, Gujarat and Tamil Nadu will be run in collaboration with Tourism Development Corporations of these States. It is proposed to